प्रश्न सं. [क्र. 3956]

/ /परिशिष्ट- / /

तारांकित प्रश्न क्रमांक 3956 मा0विधायक श्री राजेन्द्र भारती

प्रश्नांस 'ख' में उल्लेखित ग्राम बडौनकलां की ग्रामवासियों के द्वारा की गई शिकायत के संबंध में जानकारी –

दतिया जिले की बडौनी तहसील के ग्राम बडौनकला में म0प्र0 राज्य खनिज निगम के एम.डी.ओ. मैसर्स रिद्धी सिद्ध हाउसिंग प्रा0लि0 को बडौनकला–ए सर्वे नंबर 173,174 रकवा 23.00 है0, बडौनकला–डी सर्वे नंबर 551 रकवा 23.00 है0 एवं बडौनकला–ई सर्वे नंबर 551 रकवा 24.094 है0 क्षेत्र स्वीकृत है। उक्त तीनों खदानें विधिवत स्वीकृत खदनें है, जिनमें कंपनी के द्वारा कार्य किया जा रहा था। वर्तमान में मानसून अवधि में रेत खनन कार्य बंद है।

बडौनकलां ग्रामवासियों के द्वारा जनसुनवाई में दिनांक 18.06.2024 को 02 शिकायत प्रस्तुत कर अवैध रूप से रेत भण्डारण किये जाने एवं सिंध नदी में मशीनों द्वारा अवैध उत्खनन किये जाने का लेख किया है। उक्त प्राप्त शिकायत के संबंध में खनिज/राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर बडौनकलां में रेलवे कसिंग के पास एवं धोर्रा में कुल 2160 घ0मी0 लावारिस रेत के अवैध भण्डारण को जप्त कर राजसात किया गया है।

प्रश्नांस 'ख' में उल्लेखित ग्रामवासियों के द्वारा शेष ग्रामों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में की गई कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है:–

1	कोटरा	ग्राम कोटरा में कार्यवाही कर 02 टेक्ट्रर ट्रॉलियों को अवैध रेत परिवहन में जप्त किया गया तथा नदी घाट में एक पनडुब्बीं का जलाकर नष्ट किया गया है एवं थाना गोराघाट द्वारा एफ0आई0आर दर्ज की गई है।
2	पचोखरा	ग्राम पचोखरा में मौका निरीक्षण किया गया मौके पर किसी प्रकार की कोई मशीन पनडुब्बी रेत का उत्खनन करते हुये नहीं नहीं पायी गई
3	डंगराकुआं	ग्राम डंगराकुआं में कार्यवाही कर मौके से 04 टेक्ट्रर ट्रॉलियों को अवैध रेत परिवहन में जप्त किया गया तथा सिंध नदी घाट से एक पनडुब्बीं को जप्त कर जलाकर नष्ट किया गया है एवं खाई खुदवाकर रास्ता अवरूद्ध किया गया। इसी क्रम में थाना गोराघाट द्वारा 04 अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध एफ0आई0आर दर्ज की गई है।
4	हिडोराघाट	ग्राम हिडोराघाट में कार्यवाही के समय मौके पर सिंध नदी में कोई पनडुब्बी रेत का खनन करते हुये नहीं पायी गई। अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुये एक ट्रेक्टर ट्रॉली को जप्त किया जाकर कार्यवाही की गई।

(प्रकाश पन्द्रे)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, खनिज साधन विभाग

खनि अधिकारी
वास्ते कलेक्टर
जिला दतिया (म0प्र0)